This question paper contains 8 printed pages]

Your Roll No. .....................................

**7943**

**LL.B./IV Term** **E**

Paper LB-4037—GENDER JUSTICE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Answer any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

Include gender analyses and perspectives while answering the questions.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

प्रश्नों के उत्तर लिखते समय लिंग विश्लेषण तथा संदर्श (परिप्रेक्ष्य) का समावेश कीजिए।

1. (*a*) "Male human beings and not the female human being are the subject matter of law." Critically examine the statement by reference to the sex/gender distinction.

(*b*) The Supreme Court said in a case that allowing law in the private sphere is like allowing the bull in a China shop. Explain how this approach denies woman equal protection of law by reference to the public private dichotomy giving some examples from legal provisions and judicial decisions.

(*a*) ''पुरुष मानव, न कि स्त्री मानव विधि की विषयवस्तु है।'' यौन/लैंगिक सुभिन्नता के निर्देश द्वारा इस कथन की समीक्षात्मक जाँच कीजिए।

(*b*) उच्चतम न्यायालय ने एक केस में कहा था कि प्राइवेट क्षेत्र में विधि को अनुमति दिया जाना किसी चीनी दुकान में बैल को आने देना जैसा है। विधिक उपबंधों और न्यायिक विनिश्चियों से कुछ उदाहरण देते हुए पब्लिक प्राइवेट द्विभाजन के निर्देश द्वारा स्पष्ट कीजिए कि यह दृष्टिकोण किस प्रकार स्त्री को विधि के समान संरक्षण से इन्कार करता है ?

2. (*a*) What are the main indicators of patriarchy ?

(*b*) Critically examine the following statement made by the defence lawyer of a rape accused : "In our society, we never allow our girls to come out from the house after 6:30 or 7:30 or 8:30 in the evening with any unknown person. She should not be on the street like food. Ladies are more precious than a gem. It is up to you how you want to keep it—in your hand or on the street."

(*a*) पितृतंत्र के क्या प्रमुख उपदर्शन हैं ?

(*b*) बलात्संग के अभियुक्त के प्रतिरक्षा अधिवक्ता द्वारा दिए गए निम्नलिखित बयान की समीक्षात्मक जाँच कीजिए : "हमारे समाज में, हम सायंकाल में 6:30 या 7:30 या 8:30 बजे के बाद अपनी लड़कियों को अनजान व्यक्ति के साथ घर से बाहर आने की कभी अनुमति नहीं देते हैं। वह सड़कों पर चारा के समान नहीं होनी चाहिए। महिलाएँ मणि से भी अधिक मूल्यवान हैं। यह आप पर है आप उसे कहाँ रखना चाहते हैं—अपने हाथ में अथवा सड़क पर।"

3. What are the main features of difference/corrective feminism ? Explain by reference to legal provisions and judicial decisions which reflect the difference/corrective feminist approach ?

भिन्नता/सुधारक नारी अधिकारवाद की क्या प्रमुख विशेषताएँ हैं ? विधिक उपबंधों और न्यायिक विनिश्चयों, जो भिन्नता/सुधारक नारी अधिकारवादी दृष्टिकोण को प्रतिबिम्बित करते हैं, के निर्देश के साथ स्पष्ट कीजिए।

4. Compare and contrast the approach of the Supreme Court in NALSA *Vs.* Union of India relating to 'third gender' vis-à-vis *Suresh Kumar Kaushal Vs. Naz Foundation* upholding the constitutionality of S.377 IPC.

धारा 377 भा. द. सं. की संवैधानिकता का समर्थन करते हुए सुरेश कुमार कौशल **बनाम** नाज़ फाउन्डेशन के मुकाबले में 'तृतीय लिंग' के सम्बन्ध में NALSA *Vs.* Union of India में उच्चतम न्यायालय के दृष्टिकोण में समता तथा विषमता दर्शाइए।

5. (*a*) Why is the housewife not included within the definition of 'worker' for the purposes of law ? What obstacles female workers face in competing at equal footing with male workers ?

(*b*) What are the limitations of the Maternity Benefits Act in providing relief to pregnant women ?

(*a*) विधि के प्रयोजन हेतु 'कर्मकार' की परिभाषा के अन्तर्गत गृहस्वामिनी को सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है ? पुरुष कर्मकारों के साथ समान स्तर पर स्पर्धा करने में महिला कर्मकारों को किन बाधाओं का सामना करना पड़ता है ?

(*b*) सगर्भा महिलाओं के राहत जुटाने में प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम की क्या परिसीमाएँ हैं ?

6. (*a*) What is the legal status of the 'mother' in relation to inheritance of property, abortion, and selection of the sex of her fetus under various laws in India ?

(*b*) In which cases the Supreme Court has played a positive role in protecting and promoting the rights of women ?

(*a*) भारत में विभिन्न विधियों के अन्तर्गत सम्पत्ति की विरासत, गर्भपात और उसके भ्रूण के लिंग के चयन के सम्बन्ध में 'माता' की क्या विधिक प्रास्थिति है ?

(*b*) उच्चतम न्यायालय ने किस/किन केस/केसों में नारी के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्धन में सकारात्मक भूमिका निभाई है ?

7. (*a*) What are the salient features of the Protection of Women against Domestic Violence Act, 2005 ?

(*b*) Why despite the Prevention of Dowry Act and provisions in the Indian Penal Code, the problem of dowry has not decreased ?

(*a*) घरेलू हिंसा के विरुद्ध नारी का संरक्षण अधिनियम, 2005 की क्या प्रमुख विशेषताएँ हैं ?

(*b*) दहेज निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के उपबंधों के बावजूद दहेज की समस्या क्यों कम नहीं हुई है ?

8. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) What value addition was done by the Convention for Prevention of Discrimination against Women to the existing international regime for protection of human rights ?

(*b*) What do you understand by quid pro quo and hostile environment in the context of the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 ?

(*c*) Status of women in India.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) मानव अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यमान अन्तरराष्ट्रीय व्यवस्था में नारी विरुद्ध भेदभाव निवारण कन्वेंशन द्वारा क्या मूल्यवर्धन किया गया था ?

(b) कार्यस्थल पर नारी की यौन प्रताड़ना (निवारण, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के संदर्भ में प्रतिकार (मुआवजा) और विरोधपूर्ण पर्यावरण द्वारा आपका क्या अभिप्राय है ?

(c) भारत में नारी-प्रास्थिति।